# अपहरण के मामले में फरार दो सगे भाई 24 साल बाद धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कोतवाली इलाके में अपहरण के एक मामले में फरार चल रहे दो आरोपी भाईयों को 24 साल बाद पकड़ा गया है। इनके नाम गुरुग्राम निवासी पुनीत अग्रवाल (48) व पीतमपुरा निवासी विनीत अग्रवाल (50) बताये गये हैं। दोनों सगे भाईयों को कोर्ट द्वारा भी भगौड़ा घोषित किया जा चुका था।

पुलिस के मुताबिक 29 जनवरी साल 2000 को चांदनी चौक एरिया से श्रीनाथ नामक शख्स को अगवा किया गया था। अगले दिन पीड़ति अपनी दुकान के मालिक के साथ कोतवाली थाने पहुंचा जहां तीन लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि फिरौती के लिये अगवा किया गया था। इस वारदात के बाद पीड़ित को तुगलकाबाद एरिया में छोड़ आरोपी फरार हो गए थे। केस में एक आरोपी सुनीत अग्रवाल अरेस्ट किया जा चुका था।

### दुकान के कर्मचारी को ही बनाया निशाना

दो फरार आरोपियों के बारे में मिले एक इनपुट के बाद उन्हें गुड़गांव और पीतमपुरा एरिया से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि आसानी से पैसा कमाने के लिए उन्होंने



दुकान के कर्मचारी को अगवा कर 50 हजार रुपए मांगे थे।

### वारदात को अंजाम देने के बाद 10 साल तक मुंबई में छिपे थे

इस वारदात को अंजाम देने के बाद वे 10 साल तक मुंबई में छिपे रहे। इस अविध के दौरान उन्होंने किसी से संपर्क नहीं किया। जब उन्हें लगा कि अब पुलिस नहीं पकड़ पाएगी तब वे एनसीआर क्षेत्र में वापस लौट आए। आरोपी विनीत अग्रवाल का बवाना औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक समान का काम है। वहीं आरोपी पुनीत अग्रवाल खारी बावली में ड्राई फ्रूट का व्यापार करता था।

## गैंगस्टर हिमांशु के नाम पर ज्वैलर से मांगी 50 लाख रुपये की रंगदारी

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** द्वारका जिले के बिंदापुर में एक नामी ज्वैलर्स से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उन फोन नंबरों को सर्विलांस पर लेकर जांच कर रही है जिनसे रंगदारी मांगी गई। इस संबंध में द्वारका डीसीपी से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रंगदारी बिंदापुर के सुंदर लाल ज्वैलर्स के मालिक से मांगी गई। शनिवार को इस संबंध में केस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि हिमांशु उर्फ भाऊ विदेश में बैठकर रंगदारी का रैकेट चला रहा है। उसके खिलाफ इंटरपोल की तरफ से रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी हो चुका है। गत दिनों एनआईए की टीम ने भी उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। एक टीम रोहतक के रिटौली गांव में भी पहुंची थी। हिमांशु एक लाख का इनामी बदमाश है। वह 2020 से फरार चल रहा है। उसके खिलाफ 18 केस दर्ज हैं। रोहतक जिले में हत्या, हत्या का प्रयास, धोखाधडी, अवैध हथियार, लूट, धोखाधड़ी व रंगदारी मांगने के 10 केस दर्ज हैं। इसके अलावा झज्जर में सात और दिल्ली में भी कई मामलों में वह वांछित है। भाऊ नीरज बवाना व नवीन बाली गैंग से संबंध रखता है। उसने फर्जी नाम, पता, जाली कागजातों का प्रयोग कर धोखाधड़ी से पासपोर्ट बनवाया था।

## खबर संक्षेप

### वसंत कुंजः मॉल के सामने जंगल में मिली लाश



**नई दिल्ली।** वसंत कुंज नॉर्थ थाना इलाके में एक शख्स की जंगल में फंदे से लटकी हुई लाश पाई गई। शुरुआती जांच में मामला खुदकुशी का लग रहा है। मृतक की पहचान विकास कुमार (47) के रूप में हुई है। वह हरिजन बस्ती, मसूदपुर का रहने वाला था। मृतक के भाई ने फोन करके पुलिस को मामले की सूचना दी थी। पुलिस के अनुसार उत्तम सिंह ने शुक्रवार को कॉल कर बताया कि वसंत स्क्वायर मॉल के सामने जंगल में उसके भाई की लाश पेड़ से लड़की हुई है। इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। क्राइम टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। बॉडी को सफदरजंग अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले में 174 सीआरपीसी के तहत वसंत कुंज पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक की खुदकुशी का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। विकास 10 जनवरी से लापता चल रहा था। उसकी मिसिंग रिपोर्ट भी 11 जनवरी को वसंत कुंज नॉर्थ थाने में दर्ज करवाई गई थी। परिजन भी अपने स्तर पर उसकी तलाश कर रहे थे।

### मेट्रो में नववर्ष के दिन छह वर्षों में सबसे अधिक 67 लाख लोगों ने की यात्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की ट्रेनों में एक जनवरी, 2024 को 67 लाख से अधिक लोगों ने यात्रा की जो बीते छह वर्षों में नववर्ष के दिन मेट्रो में यात्रा करने वाले लोगों की सबसे बड़ी संख्या है। डीएमआरसी के शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, एक जनवरी को कुल 67.47 लाख यात्रियों ने मेट्रो सेवाओं का लाभ उठाया। आंकड़ों से सामने आया है कि बीते वर्ष एक जनवरी को 49.16 लाख लोगों ने मेट्रो का इस्तेमाल किया थी जबकि 2022 में 23.66 लाख, 2020 में 55.26 लाख और 2019 में 50.16 लाख लोगों ने मेट्रो का इस्तेमाल किया था। इन छह वर्षों में सबसे कम एक जनवरी 2021 को 18.07 लाख लोगों ने यात्रा की थी जो कोविड-19 के चलते लगे लॉकडाउन के बाद आने वाला पहला नववर्ष का दिन था। इस वर्ष एक जनवरी को राजीव चौक, पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय समेत कई स्टेशनों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गई। इसी तरह 31 दिसंबर, 2023 को 48.76 लाख लोगों ने मेट्रो में यात्रा की थी।

### उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बांसेरा में किया अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव का उद्घाटन

# मकर संक्रांतिः पतंग उत्सव भगवान राम को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को पहले अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव का उद्घाटन किया। सक्सेना ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर मनाया जाने वाला दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय पतंग उत्सव भी हमारे प्रमुख देवताओं में से एक भगवान राम को समर्पित है। उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि भगवान राम अपने बचपन में भाइयों के साथ पतंग उड़ाते थे।

यमुना के तट पर सराय काले खां में दिल्ली का पहला बैंबू-थीम पार्क बांसेरा में आयोजित इस पतंग उत्सव में विभिन्न विदेशी राजदूतों और राजनयिकों सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति पतंगबाजी में हाथ आजमाते नजर आए। पतंग महोत्सव का आयोजन दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा किया गया जा रहा है। इसमें विभिन्न राज्यों के 30 से अधिक पेशेवर पतंगबाज हिस्सा ले रहे हैं। उपराज्यपाल ने लोगों से अपने परिवार और दोस्तों के साथ इस उत्सव में हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि दिल्ली के लोगों के लिए ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में ऐसे कई आयोजन किये जाएंगे, इसकी योजना बनाई जाएगी। उपराज्यपाल ने उत्सव के आयोजन और दिल्ली में अब तक खराब परिदृश्य से बाहर खुले हरित स्थान विकसित करने के लिए डीडीए की सराहना की। सक्सेना ने यमुना बाढ़ के मैदानों की पारिस्थितिकीय स्थिति को बढ़ावा देने और इसे एक मनोरंजनात्मक और सांस्कृतिक स्थल के रूप में आकर्षक बनाकर इसे और अधिक लोगों के अनुकूल बनाने के लिए अगस्त 2022 में 'बांसेरा' की नींव रखी थी और इसे महज 6 महीने के रिकॉर्ड समय में विकसित किया गया था। असम और अन्य जगहों से लाए गए 30 हजार से अधिक विशेष किस्म के बांस के पौधे यहां लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, सांसद हर्षवर्धन, रमेश बिधूड़ी, विधायक एवं प्राधिकरण सदस्य ओपी शर्मा, मुख्य सचिव नरेश कुमार और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा सहित सिसली, मंगोलिया, माली, बुरुंडी, बोलीविया, नाइजर, ऑस्ट्रिया, मालदीव, लीबिया और पेरू के राजदूत और राजनयिक भी मौजूद रहे।








### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चल रहे

पतंग गैलरी के रूप में पतंग के इतिहास को प्रदर्शित करने वाला एक थीम पवेलियन है। यहां लोगों के लिए पतंग खरीदने और उड़ाने के लिए एक क्लासिक पतंग बाजार और पारंपरिक भोजन व हस्तशिल्प स्टॉल जैसे आकर्षण भी हैं। इसके अलावा भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता हुआ लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और किड्स जोन के रूप में बच्चों के लिए विशेष गतिविधियों की व्यवस्था भी की गई हैं। इस उत्सव में राजस्थान, सिक्किम, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, लक्षद्वीप और गुजरात के 30 से अधिक पेशेवर पतंगबाज अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। त्योहार के दौरान तिरंगे, ट्रेन और ईगल सहित विभिन्न आकृतियों, आकारों और रंगों की पतंगें उड़ाई जाएंगी।

### एलजी ने पोंगल व बिहू की शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को सभी देशवासियों को लोहड़ी, मकर संक्रांति, उत्तरायण, माघी, पोंगल और बिहू की शुभकामनाएं दी। एलजी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि प्राकृतिक पुनर्नवा को समर्पित लोहड़ी, मकर संक्रांति, उत्तरायण, माघी, पोंगल और बिहू की शुभकामनाएं। आज का दिन हम दिल्ली में पहली बार डीडीए द्वारा बांसेरा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव के माध्यम से मना रहे हैं। आप सब से आग्रह है कि उत्सव का हिस्सा बन जीवन की नई ऊंचाइयां पायें।

### महापौर और नेता विपक्ष ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने देश व दिल्लीवासियों को हर्ष और उल्लास के पावन पर्व लोहड़ी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार सभी के परिवार में सुख समृद्धि लेकर आए। वहीं, निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि लोहड़ी परिवर्तन का त्योहार है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी एक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला विशेष कर पंजाब का त्योहार है जो सूर्यदेव एवं अग्नि को समर्पित है तो वहीं इसे बच्चों की सफलता दीर्घायु की प्रार्थना से जोड़ कर देखा जाता है। इस दिन किसान नई फसल को भोग अग्नि के माध्यम से सभी देवी देवताओं को लगाता है और साथ ही परिवार अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना से लोहड़ी जलाते हैं।

## सीएम केजरीवाल और मंत्रियों ने लोहड़ी की दी शुभकामनाएं, सभी रहें स्वस्थ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी के पावन पर्व की आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं। स्वस्थ रहें, खुश रहें और खूब तरक्की करें। सीएम ने यह शुभकामनाएं सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी हैं। वहीं दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने भी लोहड़ी पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी हैं। कैबिनेट मंत्री आतिशी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि खुशियों और उत्सव के त्यौहार लोहड़ी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। इस मौके पर, ईश्वर से यही कामना है कि सभी का जीवन सुख, समृद्धि और उमंग से परिपूर्ण हो। वहीं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लोहड़ी के समय फसल पक जाती है और उसे काटने का वक्त आ चुका होता है। इस दिन सभी लोग इकट्ठा होकर सूर्य भगवान एवं अग्नि देव का पूजन कर उनका आभार प्रकट करते हैं। आप सभी को लोहड़ी की ढेर सारी शुभकामनाएं। वहीं कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि सभी देशवासियों को हर्ष और उल्लास के पावन पर्व 'लोहड़ी' की हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि उत्साह,उमंग और सौहार्द्र का महापर्व लोहड़ी की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लाये। लोहड़ी के प्रकाश से सबके जीवन से अंधकार मिटे,यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख,समृद्धि व सफलता का संचार करे।



### कई कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री कैलाश गहलोत



उत्तरैणी और मकरैणी के पावन पर्व के अवसर पर दिल्ली सरकार द्वारा जय विहार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने शिरकत की। इस बात की जानकारी मंत्री कैलाश गहलोत ने एक्स पर दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उत्तरैणी और मकरैणी के पावन पर्व के अवसर पर आज दिल्ली सरकार द्वारा जय विहार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जाना हुआ। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में इस वर्ष 200 से अधिक स्थानों पर उत्तरैणी और मकरैणी महोत्सव का बहुत धूम धाम से आयोजन किया जा रहा है। सभी को उत्तरैणी और मकरैणी पर्व की शुभकामनाएं।

## कोटला थाने के एएसआई ने ड्यूटी पर गोली मारकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के कोटला मुबारकपुर थाने में तैनात एक एएसआई ने शनिवार को ड्यूटी के दौरान गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम राम अवतार बताया है। वह मूलरूप से हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के रहने वाले थे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भेजा गया है। पुलिस परिजनों से बातचीत कर पता लगाने का प्रयास कर रही है कि एएसआई के इस कदम के पीछे क्या कारण रहे होंगे। पुलिस के मुताबिक शनिवार को तड़के करीब तीन बजे इस घटना की सूचना मिली। एएसआई राम अवतार ने खुद को सर्विस पिस्टल से गोली मारी थी। रात में उनकी ड्यूटी बीपी मार्ग पिकेट पर थी। इस घटना से पहले



एएसआई ने अपने सहयोगी सब इंस्पेक्टर को 10 मिनट रेस्ट करने की बात कही और बेरिकेड के नजदीक खड़ी कार में जाकर बैठ गए। कुछ देर बाद कार से तेज आवाज सुनाई दी। एसआई ने जाकर देखा तो राम अवतार खून से लथपथ थे। उनके सिर में गोली लगी हुई थी। सर्विस पिस्टल भी वहीं थी। राम अवतार 1993 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। वह परिवार के साथ नरेला पुलिस कॉलोनी में रहते थे। अब तक की जांच में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस सुसाइड का केस मानकर आगे की पड़ताल कर रही है। हालांकि उनके द्वारा उठाये गए इस कदम की वजह अभी साफ नहीं हुई है। पुलिस पीड़ति परिवार से बातचीत कर खुदकुशी के कारणों को जानने का प्रयास कर रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जगत, प्रोपराईटर मैसर्स जगत होम्स** पता : 352, जय विहार, मेन बझेरा रोड, राजेंद्रा पार्क, गुरूग्राम, हरियाणा और **C/o** कँवल सिंह पता: जय नारायण, खसरा नं. 4056, एच–42, नं. 2 सिटी रोहतक, हरियाणा ने **सीसी सं. 1826/19 धारा 138 एनआई एक्ट** थाना प्रशांत विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जगत, प्रोपराईटर मैसर्स जगत होम्स** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जगत, प्रोपराईटर मैसर्स जगत होम्स** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **जगत, प्रोपराईटर मैसर्स जगत होम्स** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 15.02.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री तुषार गुप्ता,
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट–04 (उत्तरी)
कमरा नं 110, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14890/RD/2023 (Court Notice)


### 114 याचिकाओं पर फैसला करने के लिए सरकार को दिया दो हफ्ते का समय

# सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों की सजा माफी की याचिका पर फैसले में देरी पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक आतंकवादी समेत 114 दोषियों की सजा माफी संबंधी याचिका पर फैसला करने में देरी करने को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है।

सजा माफी की याचिका दायर करने वाले आतंकवादी गफूर को देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया है और उसे आजीवन कारावास की सजा दी गई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और



न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने 14 साल से अधिक समय तक जेल की सजा काट चुके आजीवन कारावास के दोषियों की माफी याचिका को स्वचालित तरीके से खारिज करने के लिए राज्यों को फटकार लगाई। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने अदालत को बताया कि गफूर समेत 114 दोषियों की समयपूर्व रिहाई पर विचार करने के लिए 21 दिसंबर को सजा समीक्षा बोर्ड की बैठक हुई थी। उन्होंने कहा कि बैठक की जानकारी का मसौदा उपराज्यपाल को सौंपने के लिए दिल्ली सरकार के गृह विभाग को भेज दिया गया है। इसके बाद पीठ ने कहा कि आप जो कर रहे हैं वह शीर्ष अदालत के 11 दिसंबर के आदेश का पूर्ण उल्लंघन है। आपने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आप सजा माफी संबंधी किस नीति का पालन कर रहे हैं। आपने जो किया वह बहुत आपत्तिजनक था।

उसने कहा कि सजा माफी के मामले में सभी राज्य सरकारों की स्थिति एक जैसी है। एक तय तरीका है। सभी राज्य सरकारें सजा माफी के पहले आवेदन पर विचार किए बिना उसे स्वचालित रूप से अस्वीकार कर देती हैं। शीर्ष अदालत ने 114 याचिकाओं पर फैसला करने के लिए सरकार को दो सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत गफूर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें इस आधार पर उसकी समय से पहले रिहाई का अनुरोध किया गया है कि उसने लगभग 16 साल जेल में बिताए हैं।

### नरेलाः फोन छीन भागते तीन को जमकर पीटा

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में शनिवार सुबह एक रिक्शा चालक का मोबाइल छीन कर भाग रहे तीन युवकों को लोगों ने पकड़ लिया। तीनों को बीच बाजार में निर्वस्त्र कर जमकर पीटा गया। इसके बाद लोग उन्हें थाने ले गए। इस दौरान लोगों ने तीनों के कपड़ों को भी जलाने की कोशिश की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे नरेला रेलवे फाटक के पास चार युवकों ने एक ई-रिक्शा चालक से मोबाइल छीन लिया और भाग खड़े हुये। इसी दौरान लोगों ने चार में से तीन युवकों को पकड़ लिया। एक युवक मोबाइल लेकर भागने में कामयाब रहा। तीनों युवकों को खूब पीटा और इसके बाद सभी को कपड़े उतारने को कहा। कपड़े उतारने में आनाकानी करने पर भीड़ ने तीनों की और पीटा। तीनों के पूरी तरह से निर्वस्त्र होने के बाद हाथ बांध दिए गये और पीटते हुए घटनास्थल से 400-500 मीटर दूर थाने ले गए। कई लोगों ने इस घटनाक्रम का वीडियो भी बना लिया। वीडियो में कुछ लोग उनके कपड़ों को आग लगाते भी दिखाई दे रहे हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.PC देखिये

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परवीन गुप्ता** पुत्र भगवान दास गुप्ता, **निवासी** फ्लैट नंबर 273, ग्रुप-II, जनता फ्लैट्स, हस्तसाल, विकासपुर, दिल्ली ने केस **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 217/13 धारा 420/468/ 471/34 आईपीसी पुलिस थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **परवीन गुप्ता** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **परवीन गुप्ता** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती हैं कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 217/13 धारा 420/468/ 471/34 आईपीसी पुलिस थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **परवीन गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.02.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य मेट्रॉपॉलिटन मजिस्ट्रेट,
कमरा नं. 101, पहली मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/542/RD/2024 (Court Matter)

### भाजपा किसी भी तरह विपक्ष के नेताओं को चुनाव प्रचार करने से चाहती है रोकना : राय

# केजरीवाल को भाजपा ने ईडी से भिजवाया चौथा समनः आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा चौथा समन भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) से चौथा समन भिजवाया है। प्रैसवार्ता में शनिवार को आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक और कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भाजपा किसी भी तरह नहीं चाहती है कि विपक्ष का कोई भी नेता लोकसभा चुनाव में प्रचार कर पाए। इसलिए विपक्ष के नेताओं को चुनाव प्रचार से रोकने के लिए भाजपा ने ईडी को अपना हथियार बना लिया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को आप ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए अरविंद केजरीवाल का 18 जनवरी से तीन दिवसीय गोवा दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की और शनिवार को ईडी ने समन भेजकर 18 जनवरी को ही बुलाया है। यह कोई इत्तेफाक नहीं है। हमारा अनुरोध है कि ईडी को भाजपा का फ्रंटल संगठन बनने से बचना चाहिए। साथ ही, भाजपा को भी ईडी का राजनीतिक दुरुपयोग करने से बचना चाहिए। राय ने कहा कि इस नोटिस से यह साफ दिख रहा है कि भाजपा किसी भी तरह से विपक्ष के नेताओं को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है। अरविंद केजरीवाल लोकसभा चुनाव का प्रचार और चुनाव की तैयारियां न कर सकें, इसके के लिए भाजपा ईडी को अपना एक हथियार बना चुकी है। ऐसा लगता है कि ईडी भाजपा के एक फ्रंटल संगठन की तरह काम कर रही है। जबकि ईडी एक संवैधानिक संस्था है।

- शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल का तीन दिवसीय गोवा दौरे का कार्यक्रम घोषित हुआ और शनिवार को ईडी का समन आ गया, यह कोई इत्तेफाक नहीं
- ईडी को भाजपा का फ्रंटल संगठन बनने से बचना चाहिए और भाजपा को भी ईडी का राजनीतिक दुरुपयोग नहीं करना चाहिए

#### ईडी को भाजपा का राजनीतिक हथियार नहीं बनना चाहिए

गोपाल राय ने निवेदन करते हुए कहा कि ईडी को भाजपा का फ्रंटल संगठन बनने से बचना चाहिए, ईडी को भाजपा का राजनीतिक हथियार नहीं बनना चाहिए। साथ ही, भाजपा को भी ईडी का राजनीतिक दुरुपयोग करने से बचना चाहिए। इस तरह से बिना सिर-पैर के एक राजनीतिक मकसद से अरविंद केजरीवाल को रोकने के लिए बार-बार ये लोग जो नोटिस भेजते जा रहे हैं, उसे बंद करना चाहिए।

#### नोटिस सीएम तक पहुंचने से पहले हो गया लीक

गोपाल राय ने कहा कि ईडी एक संवैधानिक संस्था है। और संवैधानिक संस्था की नोटिस मुख्यमंत्री के पास पहुंचने से पहले मीडिया में लीक कर दी जाती है। ईडी की नोटिस मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंची है और हमें मीडिया से नोटिस भेजे जाने की खबर मिल गई कि ईडी की चौथी नोटिस जारी हो गई है। नोटिस को मीडिया में लीक करने का यह काम संवैधानिक संस्थाओं का नहीं है, बल्कि भाजपा का काम है।

## आम आदमी पार्टी आज से शुरू करेगी 'घर बचाओ-भाजपा हटाओ'अभियान : राय

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) रविवार से दिल्ली में 'घर बचाओ-भाजपा हटाओ' अभियान की शुरुआत करेगी। 'आप' का यह अभियान भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा बिना पुनर्वास किए झुग्गियों में रह रहे गरीब लोगों को बेघर करने के आदेश के खिलाफ चलाया जाएगा। इस बात की जानकारी आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने प्रैसवार्ता में दी है। उन्होंने कहा कि 'घर बचाओ-भाजपा हटाओ' अभियान की शुरूआत नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के बीआर कैंप और डीआईपी कैंप से नुक्कड़ सभा से होगी। राय ने कहा कि दरअसल महरौली और धौला कुआं के बाद अब बीआर-डीआईपी कैंप में डीडीए ने ग़रीबों को बेघर करने का नोटिस चस्पा किया है। इसके अलावा, दिल्ली की जहां-जहां झुग्गियों में रह रहे गरीबों को बेघर करने की संभावना है, वहां भी हमारे विधायक और पार्षद नुक्कड़ सभाएं कर लोगों को बताएंगे कि भाजपा कैसे इस ठिठुरती ठंड में उनको बेघर करने का अभियान शुरू किया है।

- 21 जनवरी को भाजपा मुख्यालय पर किया जाएगा प्रदर्शन

राय ने प्रैसवार्ता में कहा कि केंद्र सरकार ने बिना पुनर्वास किए लोगों को बेघर करने का जो अभियान शुरू किया है, उसके खिलाफ आम आदमी पार्टी ने अपने विधायकों के साथ आज बैठक कर यह निर्णय लिया है कि इसके खिलाफ पूरी दिल्ली के अंदर 'घर बचाओ-भाजपा हटाओ' अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान 14 से 21 जनवरी तक चलाया जाएगा। इसके तहत अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में झुग्गी क्लस्टर्स में रह रहे गरीब लोगों के बीच नुक्कड़ सभा कर भाजपा के झुग्गी तोड़ो अभियान के बारे में बताया जाएगा। आप विधायक और पार्षद अलग-अलग झुग्गियों में जाकर सभा करेंगे। भाजपा द्वारा गरीब लोगों को बेघर करने के शुरू किए गए अभियान के खिलाफ 21 जनवरी को भाजपा मुख्यालय पर दोपहर 12 बजे विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

#### लोगों को बेघर करने पर पूरी सिद्दत से जुट चुकी हैं केंद्र सरकार

गोपाल राय ने कहा कि एक बार फिर भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली में लोगों को बेघर करने पर पूरी सिद्दत के साथ जुट चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा अपनी एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि दिल्ली के अंदर अनाधिकृत कालोनियों में रह रहे लोगों को इस ठिठुरती ठंड में बेघर किया जाए। पिछले दिनों इस तरह की घटनाएं दिल्ली के महरौली, धौला कुआं में हो चुकी है। कुछ दिन पहले नई दिल्ली के सरोजनी नगर इलाके में रेलवे ने झुग्गियों को तोड़ लोगों को बेघर करने का आदेश दिया था। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट जाकर रेलवे के उस आदेश को रूकवाया था।




## अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षी बाल्मीकि एयरपोर्ट रखने से बाल्मीकि समाज हर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के सभी 360 गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में बसे बाल्मीकि समाज के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा अयोध्या नगरी में नवनिर्मित एयरपोर्ट का नाम महर्षी बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट रखे जाने से हर्षित हैं। शनिवार को दिल्ली में बाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नेता कर्म सिंह कर्मा के नेतृत्व में रोहिणी में बाल्मीकि समाज का बड़ा सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा शामिल हुए और उन्होंने सम्मेलन मंच पर जाने से पहले स्थानिय बाल्मीकि मंदिर में महर्षी बाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सम्मेलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण गौतम एवं सियाराम शरण के अतिरिक्त स्थानीय पार्षद एवं मंदिर प्रकोष्ठ पदाधिकारी आदि भी शामिल हुए। सम्मेलन में कर्म सिंह कर्मा, सुभाष बाल्मीकि, नरेश जी 360 गांव प्रधान, भगवान सिंह, सुरेंद्र अमरोही, अशोक बिड़लान, विरेन्द्र राय, सूरज कुमार, सुशील कुमार, अमन भट्ट आदि बाल्मीकि समाज से जुड़े वक्ताओं ने अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षी बाल्मीकि के नाम पर रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सचदेवा ने कहा कि जहाँ सनातनी भारतीयों के संस्कार पोषण में महर्षी बाल्मीकि रचित रामायण की बड़ी भूमिका तो वहीं बाल्मीकि समाज का देश के विकास में बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है।

#### बाल्मीकि समाज के लोगों की अनेकों विभागों में है भूमिका : सचदेवा

सचदेवा ने कहा कि जहाँ कुछ दशक पहले तक बाल्मीकि समाज की स्वच्छता कार्य में बड़ी भूमिका थी तो गत कुछ दशक में शिक्षा प्रसार के साथ बाल्मीकि समाज के युवा भारतीय सेना, पुलिस, प्रशासनिक एवं न्यायिक क्षेत्रों में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब जब सनातन धर्म पर हमला हुआ है या धर्म विरोधियों द्वारा किसी मंदिर पर हमला करने की कोशिश हुई है तो बाल्मीकि समाज के युवाओं ने धर्म पताका फैला कर सनातनियों की रक्षा की है इसीलिए सभी समाजों के लोग बाल्मीकि समाज का अभिनंदन करते हैं।

## जनता बोली, सीएम केजरीवाल को जेल से सरकार चलानी चाहिए : महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि 'मैं भी केजरीवाल जन संवाद' के तहत शनिवार को पटेल नगर की जनता के साथ संवाद किया। 'मैं भी केजरीवाल जनसंवाद' में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। इससे साफ है कि लोग भाजपा की करतूतों को समझ चुके हैं। जिस तरह से लोगों ने जन संवाद में प्रतिक्रिया दी है उससे हमें यकीन हो गया है कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी और सीएम अरविंद केजरीवाल से बहुत प्यार करती है। सीएम अरविंद केजरीवाल को अपना बेटा मानती है।

महापौर डॉ. ओबरॉय ने कहा कि हमने पटेल नगर की जनता से पूछा कि अगर सीएम अरविंद केजरीवाल को भाजपा ईडी का गलत नोटिस देकर जेल में डालती है तो क्या उन्हें जेल से सरकार चलानी चाहिए? दिल्ली की जनता ने साफ-साफ बोला है कि सीएम अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। अगर उन्हें जेल में डाल दिया जाता है तो जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। दिल्ली की जनता भाजपा के षड्यंत्र को जान चुकी है। भाजपा इस षड्यंत्र में लगी हुई है कि कैसे आम आदमी पार्टी को खत्म कर दिया जाए। यह पूरा भाजपा का चुनावी स्टंट है, जिसके तहत झूठे शराब घोटाले में हमारे एक-एक नेता को जेल में भेजने में लगे हुए हैं।

## प्रदेश भाजपा ने की नियुक्तियां

**नई दिल्ली।** भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष पद पर सागर त्यागी को नियुक्त किया है। वहीं, भाजपा दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई, जिसके अंतर्गत इमतियाज अहमद को मीडिया प्रमुख की ज़म्मिेदारी सौंपी गई हैं व पिछले कई वर्षों से भाजपा से जुड़े हैं और इससे पहले वो दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रवक्ता के पद पर थे। जबकि भाजपा दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा के सोशल मीडिया प्रमुख बनने पर साहिल यादव ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा में सोशल मीडिया प्रमुख की जो जिम्मेवारी दी गई है उसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने बताया कि भाजपा की नीतियों व कार्यों को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का कार्य करेंगे। भाजपा के राज में देश तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। देश के लोग नई-नई योजनाओं से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

## दो विभागों के बीच फंसा शहीद स्मारक, हो रही हैं लगातार चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- राजस्व विभाग ने पल्ला झाड़ा, लेकिन राजस्व बुकिंग राशि लेना जारी

दिल्ली के गांव जब से शहरीकृत हो कर दिल्ली विकास प्राधिकरण के अंतर्गत चले गए हैं जब से दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा के अलीपुर स्थित शहीद स्मारक की हालत दयनीय हो गई है और यहां स्मारक से लगातार कई बार चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। स्थानीय निवासी जब दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के तहत आने वाले डीएम, एसडीएम से शिकायत करते हैं तो कहा जाता है कि यह स्मारक डीडीए के अंतर्गत है। साथ ही सरकार सहित पुलिस प्रशासन को चोरी की जानकारी देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता हरपाल राणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वैसे तो देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें अनेकों शहीदों, क्रांतिकारियों को याद किया जा रहा है, लेकिन भारत की राजधानी दिल्ली में शहीद स्मारक अलीपुर से 100 दिनों से अधिक समय से लगातार चोरी हो रही है। जिसमें शहीद स्मारक के अधिकतर ग्रिल, दरवाजे, अलमारी, पंखे आदि चोरी किए जा चुके हैं। इसे लेकर हाल ही में क्षेत्रीय निवासियों ने राजस्व विभाग को ज्ञापन सौंपा है।

सामाजिक कार्यकर्ता हरपाल राणा ने बताया कि इसे लेकर स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों और क्षेत्रवासियों में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी है और पुलिस प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर जल्द इस पर कार्यवाही करके इसकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो क्षेत्रवासियों को मजबूर होकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन या उपवास का सहारा लेना पड़ेगा। इस संबंध में उन्होंने 13 नवंबर 2023 को मुख्यमंत्री के नाम से पीजीएमएस पर शिकायत भेजी, लेकिन दिल्ली पुलिस, डीएम द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। साथ ही कार्यवाही को विचाराधीन दिखाया जा रहा है।

## केजरीवाल का व्यवहार हो गया है एक आर्थिक भगौड़े की तरह : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- कांग्रेस नेताओं के घर-घर जाकर सीट समझौते के लिए गिड़गिड़ा रहे हैं केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का व्यवहार अब एक आर्थिक भगौड़े की तरह हो गया है, जिस तरह ईडी के हर समन के बाद केजरीवाल जांच से बचने के लिए नया बहाना प्रस्तुत करते हैं, ऐसा व्यवहार देश की जनता ने नीरव मोदी एवं विजय माल्या जैसे लोगों को करते हुए देखा था जो बाद में देश छोड़कर भी भाग गये। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की जनता हैरान है कि जिस शराब घोटाले की जांच में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने मंत्री मनीष सिसोदिया एवं सांसद संजय सिंह को जुड़ने दिया पर जब जांच अपने दरवाजे पर पहुंची तो वह जांच प्रक्रिया में खोट ढूंढ़ रहे हैं और इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी आज एक हताश निराश पार्टी है जिसके नेता कांग्रेस नेताओं के घर-घर जाकर सीट समझौते के लिए गिड़गिड़ा रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल यह समझ चुके हैं कि दिल्ली एवं देश की जनता की आंखों से उनकी दिखावटी ईमानदारी का पर्दा उठ गया है और इसलिए अब मीडिया से मिल रही जानकारी अनुसार वह दिल्ली में कांग्रेस को पांच सीट देकर खुद दो सीट पर भी चुनाव लड़ने को तैयार हैं।

### बलबीर पुंज की पुस्तक ट्रिस्ट विद अयोध्याः डिकॉलोनाइजेशन ऑफ इंडिया का किया विमोचन

# अयोध्या में राम मंदिर नए भारत का प्रतीक : राजनाथ सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नए भारत का प्रतीक है। श्रीराम को अपने जन्म स्थान पर पहुंचने में 500 सौ साल का समय लग गया। श्रीराम भारत की चेतना है और अयोध्या सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बन रही है। दिल्ली विश्वविद्यालय में डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) की ओर से मकर सक्रांति व लोहड़ी मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उक्त संबोधन दिया। इस अवसर पर अवसर पर प्रबुद्ध पत्रकार बलबीर पुंज की पुस्तक ट्रिस्ट विद अयोध्या : डिकॉलोनाइजेशन ऑफ इंडिया का विमोचन किया गया साथ ही एनडीटीएफ ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम विषय पर एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि बलबीर पुंज की पुस्तक तुष्टीकरण की राजनीति की पोल खोलती है। उन्होंने कहा कि आज भारत के पुनर्जागरण का समय है। आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक अभी क्षेत्रों में पुनर्जागरण हो रहा है। भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रामराज्य का मतलब लोकमंगल की स्थापना करना और आतंक का अंत कर समतामूलक समाज की स्थापना करना है। श्रीराम युग पुरुष हैं, संस्कार पुरुष और मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। वे आदिवासी और स्त्री सम्मान के प्रतीक हैं। श्रीराम किसी विचारधारा से नहीं बंधे बल्कि वो सभी क्षेत्रों में आदर्श प्रस्तुत करते हैं। भगवान श्रीराम ने बिना किसी का हड़पे सभी को फलने फूलने का अवसर दिया। राम पर सवाल उठाने वाले आज हाशिये पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के चलते राम मंदिर को मुद्दा बनाया गया।

#### यदि श्रीराम को निकाल दिया जाए तो भारत अफगानिस्तान बन जायेगा : बलबीर पुंज

पुस्तक के लेखक बलबीर पुंज ने कहा कि भारत के मानस से यदि श्रीराम को निकाल दिया जाए तो भारत अफगानिस्तान बन जायेगा। उनके लिए मनुष्यता सर्वोपरि है। कार्यक्रम के आरंभ में एनडीटीएफ के अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार भागी ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक महत्व का विषय बताया। उन्होंने अपने संबोधन में राम की स्वीकार्यता और उनकी भारत के संस्कृति में उपलब्धता से अवगत कराया। आयोजन में किताबवाले प्रकाशन के प्रबंध निदेशक प्रशांत जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो वी एस नेगी ने किया।

#### दुनिया के मार्गदर्शन का दायित्व है हिंदुओं का

विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर आंदोलन से जुड़े लोगों के साथ साथ अन्य क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों को भी अयोध्या में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के मार्गदर्शन का दायित्व हिंदुओं का है। उन्होंने कहा कि श्री राम समरसता के प्रतीक है जो किसी मनुष्य को छोटा बड़ा नही मानते। राम राज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा का प्रतिष्ठा होगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि श्रीराम भारत के प्राण है। वह त्याग की मूर्ति है जिन्होंने राजतिलक के अवसर पर सारा राजपाट त्याग दिया था। वे सदाचार, शील और दया के प्रतीक पुरुष हैं।

### झुग्गी वासियों को गुमराह करने की जगह उन्हें राजीव आवास योजना के घर आवंटित करें केजरीवाल : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली के गरीब अच्छी तरह जानते हैं कि केजरीवाल सरकार ने 9 साल के शासन में मकान उपलब्ध होते हुए भी गरीबों को आवंटित नहीं किये हैं और बेहतर होगा झुग्गी वासियों को गुमराह करने की जगह केजरीवाल सरकार दिल्ली में बने खड़े हजारों राजीव आवास योजना के घरों को गरीबों को आवंटित करे। दिल्ली भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शनिवार को केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी अरविंद केजरीवाल सरकार आज कल झुग्गी वासियों को भ्रमित कर अपने भ्रष्टाचार से मीडिया एवं जनता का ध्यान भटकाने में लगी है। हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि शनिवार को मंत्री गोपाल राय ने बयानबाजी कर एक सप्ताह के विरोध कार्यक्रम की घोषणा की है पर वह नोट कर लें कि आज दिल्ली के सभी वर्गों के लोग केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं और अब उनके किसी छलावे में नहीं आयेंगे।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान रहा 3.6 डिग्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में अब तक का सबसे कम तापमान रहा। राजधानी के कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। विभाग ने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 3.6 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने बताया कि सफदरजंग वेधशाला में सुबह 5:30 बजे दृश्यता 200 मीटर दर्ज की गयी। रेलवे के मुताबिक, घने कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 18 ट्रेनें एक से छह घंटे की देरी से चलीं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शाम चार बजे तक 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 399 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है। आईएमडी ने बताया कि सापेक्ष आर्द्रता 91 से 79 प्रतिशत के बीच रही। आईएमडी ने रविवार को शीत लहर का प्रकोप जारी रहने का अनुमान जताया।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी

# जितना बड़ा संघर्ष होगा... जीत उतनी ही शानदार

मेरठ प्रांत के प्रांत सह-प्रचारक विनोद ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब युवा नई-नई समस्याओं का सामना कर रहे हैं, नए लक्ष्य तय कर रहे हैं और अपने लिए एक बेहतर भविष्य की आकांक्षा रख रहे हैं, तब स्वामी विवेकानंद के विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

यह कभी मत कहो कि 'मैं नहीं कर सकता', क्योंकि आप अनंत हैं।जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी। युवा दिवस के अवसर पर इंदिरापुरम इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज (आईआईएचएस) में हरनंदी महानगर द्वारा महाविद्यालयीन कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सहभागी युवाओं की संख्या लगभग 360 रही। मुख्य वक्ता मेरठ प्रांत के प्रांत सह-प्रचारक विनोद ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब युवा नई-नई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। नए लक्ष्य तय कर रहे हैं और अपने लिए एक बेहतर भविष्य की आकांक्षा रख रहे हैं। तब स्वामी विवेकानंद के विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति संगठित होकर स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करते हुए देश के विकास में अपना योगदान दें। जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। राष्ट्र निर्माण को जीवन का उद्देश्य मानने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव देश के गौरव और स्वाभिमान को प्राथमिकता में रखा। स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व को

**खास बातें**

- दुनिया में नई क्रांति कर सकते हैं युवा
- शिक्षा ऐसी हो, जो आम जनता की मदद करे और वह जीवन में संकटों से निपटने में मददगार बने
- युवा अपने भीतर परोपकार का भाव जगाएं

### स्वामी विवेकानंद ने जन-जन तक पहुंचाया 'नर सेवा, नारायण सेवा' का नारा



'नर सेवा, नारायण सेवा' का नारा जन-जन तक पहुंचाया। वह सदा भारत के युवाओं के बीच भारत भूमि में जन्म लेने के गौरव का आव्हान करते रहे। उन्होंने सामाजिक स्तर पर देश को एकता के सूत्र में पिरोया। युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि बाकी हर चीज की व्यवस्था हो जाएगी, लेकिन सशक्त, मेहनती, आस्थावान युवा खड़े करना बहुत जरूरी है। ऐसे सौ युवा दुनिया में एक नई क्रांति कर सकते हैं। साथ मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वामी विवेकानंद जी के इन्ही कार्यों को आगे बढ़ा रहा है।

उन्होंने भारत के पुनर्निर्माण में शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो आम जनता की मदद करे और वह जीवन में संकटों से निपटने में मददगार बने, चरित्र निर्माण करे, परोपकार का भाव जगाए और सिंह की भांति साहस प्रदान करे। स्वामी विवेकानंद द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर देश हित और समाज हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर महानगर संघचालक प्रदीप, सह-संघचालक जीतेन्द्र, कार्यवाह आशीष, सह-कार्यवाह शिव कुमार, अमरदीप, प्रचारक ललित शंकर सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### श्रृद्धालुओं ने निकाली महाप्रभु राम की यात्रा

**गाजियाबाद।** संजय नगर में रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के तत्वाधान में महाप्रभु श्री



रामजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारम्भ संजय नगर सेक्टर 23 के राम जानकी मंदिर से हुआ। श्री राम की बग्गी सैकड़ों भक्तों के जयघोष के साथ पी ब्लॉक चौराहा, एचजी ब्लॉक चौराहा, अयप्पा मंदिर, एल ब्लॉक मुख्य मार्ग, परमहंस स्कूल, जागृति विहार होते हुए एफ ब्लॉक स्थित हनुमान मंदिर में सम्पन्न हुईं। विभिन मार्गों पर यात्रा का स्थानीय व्यापारी बंधु व नगर वासियों ने पुष्प वर्षा, प्रसाद वितरण आदि के माध्यम से बड़े ही आदर व गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिन्दन किया।

### बीके स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** नंगला रोड़ स्थित बीके पब्लिक स्कूल में नव प्रयास सेवा संगठन के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ एनआईटी क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डा. भूपेन्द्र श्योराण ने विधायक नीरज शर्मा का पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर 35 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। एकत्र हुए सभी रक्त को सिविल अस्पताल बादशाह खान को भेंट किया गया।

### खाटू श्याम मंदिर से चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने मंदिर से चोरी करने वाले शातिर



चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी का नाम संदीप है । पुलिस ने उसे मुजेसर फाटक से गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आदर्श नगर एरिया में खाटू श्याम मंदिर से 15000 चोरी किए थे। इसके अलावा आरोपी ने एक घर से मंगलसूत्र और सोने की चेन चोरी की थी।

## टोहाना में ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में होगा पोस्टमार्टम

# कत्ल के 11 दिन बाद मिला मॉडल दिव्या पाहूजा का शव, दो टैटू से हुई पहचान


हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गैंगस्टर संदीप गाडौली की महिला मित्र व मॉडल दिव्या पाहूजा की हत्या के 11 दिन बाद शव टोहाना के कुदनी हेड से बरामद हो गया है। शव पर बने दो टैटू के माध्यम से दिव्या के शव की पहचान हुई है। शव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में नहर से बाहर निकाला गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में ही शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराया जाएगा।

**खास बातें**

- ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजुदगी में शव को नहर से बाहर निकाला गया
- शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराया जाएगा

जिस दिव्या पाहूजा नाम की मॉडल की हत्या से पूरा हरियाणा दहल उठा था, आखिरकार उसका शव कत्ल के 11 दिन बाद मिल ही गया। हरियाणा को हिला देने वाले मॉडल दिव्या पाहूजा हत्याकांड में पुलिस को शनिवार को उस वक्त कामयाबी हाथ लगी, जब हरियाणा के टोहना फतेहाबाद स्थित एक नहर में दिव्या का शव मिला।



### एलओसी जारी होने पर धरा गया बलराज

गुरुग्राम पुलिस ने बुधवार को लुक आउट नोटिस जारी किया तो 24 घंटे के दरमियान बलराज गिल को पश्चिम बंगाल के एयर पोर्ट से डिटेन कर लिया। कोलकाता पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में उसने दिव्या के शव को पटियाला से संगरूर के बीच भाखड़ा नहर में फेंके जाने की जानकारी दी थी। गुरुग्राम पुलिस बलराज को तीन दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गुरुग्राम आ रही है। इसके बाद यहां सीधे उसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

### बलराज की निशानदेही पर बरामद हुआ शव

बलराज गिल ने जब पुलिस को बताया कि उसने दो जनवरी की रात को पटियाला के पास नहर में दिव्या के शव को फेंक दिया तो एनडीआरएफ की टीम व गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की टीम ने खनौरी और टोहाना के बीच भाखड़ा नहर में सर्च अभियान चलाया। शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे पटियाला से 90 किलोमीटर दूर फतेहाबाद के टोहाना की भाखड़ा नहर से दिव्या का शव बरामद हुआ।

### होटल में गोली मारकर की गई थी हत्या

गौरतलब है कि मॉडल दिव्या पाहुजा की 2 जनवरी को गुरुग्राम के होटल सिटी पॉइंट में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसे पंचकूला के बलराज गिल व हिसार के रवि बांगा ने बीएमडब्ल्यू से ले जाकर ठिकाने लगा दिया था। पुलिस को पटियाला में बीएमडब्ल्यू तो मिल गई लेकिन दिव्या की लाश नहीं मिली थी। वहीं बलराज और रवि बांगा का भी सुराग नहीं लगा। पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभिजीत सिंह के अलावा ओमप्रकाश व हेमराज को गिरफ्तार कर लिया था। अभिजीत ने दिव्या को गोली मारी थी। जिसके बाद होटल सिटी पॉइंट के ही नौकर हेमराज और ओमप्रकाश ने लाश को घसीटकर होटल से बाहर निकाला था। वहीं पुलिस ने इस मामले में अभिजीत की गर्लफ्रेंड मेघा को भी गिरफ्तार कर लिया था। अभिजीत के बुलाने पर मेघा गुरुग्राम के होटल सिटी पॉइंट पहुंची।

### नहर में बहता हुआ मिला शव

गुरुग्राम में दिव्या पाहुजा की हत्या की गई थी। जिसके बाद गुरुग्राम पुलिस ने आरोपी बलराज को कोलकाता से पकड़ा । बलराज ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने पटियाला नहर में उसका शव फेंका था। जिसके बाद गुरुग्राम पुलिस की टीम फतेहाबाद पहुंची और दिव्या का शव नहर में बहता हुआ दिखा। जिसके बाद उसे बाहर निकाला गया।

**शमशेर सिंह, डीएसपी, टोहाना**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा, गुर्जर ने कहा

### रेहडी वालों को बिना ब्याज के दी जा रही 10 से 50 हजार की राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर चलना है और यह तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर इसके लिए सहयोग करेंगे। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव नवादा और गांव बड़खल, नियर दिल्ली वाली मस्जिद के निकट विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में वेंडर स्कीम के तहत रेहडी वालों को 10 हजार से लेकर 50 हजार तक का की राशि बिना ब्याज के दी जा रही है। आयुष्मान योजना के तहत देश में 5 लाख रुपए की धनराशि तक का सालाना इलाज गरीब परिवारों का किया जा रहा है।

वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को आयुष्मान योजना के साथ जोडक़र गरीब परिवारों की आय 180000 रुपए की है। प्रदेश में 39 लाख परिवारों के पीले कार्ड बनाए गए हैं। देश के 11 करोड़ किसानों को 6 हजार सालाना सीधा खाते में जा रहा है। वहीं 5 लाख परिवारों को कोविड के टाइम में फ्री में महिलाओं को सहायता का काम किया। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यमसे 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में गैस के कनेक्शन दिए हैं और करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम मोदी की गारंटी वाली सरकार ने किया है।

मोदी सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

## नोडल अधिकारी ने किया गोआश्रय का निरीक्षण

### गोवंश को रोटी गुड़ देने वालों का नाम पता दर्ज करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नोडल अधिकारी व ग्रेटर नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी वीएस ने गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं 1 नवंबर 2023 से प्रारम्भ निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान की मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद के साथ समीक्षा की।

उन्होंने पहले नंदनी पार्क गौशाला का निरीक्षण किया। गोबर से लट्ठे बनाने एवं वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। गोआश्रय के गेट पर विजिट रजिस्टर नहीं पाया गया। इस संबंध में निर्देशित किया गया की गोआश्रय से संबंधित सभी अभिलेख तैयार रखे जाएं एवं गेट पर विजिट रजिस्टर बनाया जाए। गेट पर एक चौकीदार नियुक्त किया जाए। जो लोग गोआश्रय में गोवंश को रोटी गुड़ आदि दान करने के लिए आते हैं, उनका भी मोबाइल नंबर नाम वाहन नंबर आदि नोट किया जाए।

इसके बाद नगर पंचायत डासना की गौशाला का निरीक्षण किया। गोआश्रय पर 79 गोवंश पाए गए।

## जीवन सुधार के लिए ब्रह्मकुमारीज के प्रयास सराहनीय

# तनावमुक्त जीवन के लिए सकारात्मक सोच आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ब्रह्माकुमारी केंद्र की ओर से सेक्टर 21 स्थित डिलाइट गार्डन में अध्यात्मिक चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आशा दीदी मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने सकारात्मक सोच द्वारा तनावमुक्त जीवन जीने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सकारात्मक सोचता है, तनाव उसके आसपास भी नहीं फटक सकते।



### मेडिटेशन कक्षाओं ने करोड़ों लोगों का जीवन बदला

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों से लोगों का जीवन बदल रहा है। लोगों को सादा जीवन उच्च विचार सिखाने के लिए इस संस्था का स्थान बहुत ऊंचा है। भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा ब्रह्माकुमारीज के मेडिटेशन कक्षाओं ने करोडों लोगों के जीवन में बदलाव लाई हैं। संस्थान के सदस्यों द्वारा असाधारण जीवन जीने का कौशल प्रस्तुत किया गया है। इसके पीछे उनका त्याग और तपस्या की कहानी भी शामिल है। यही कारण है कि आज देश दुनिया में इन्हें आदर्श स्थिति प्राप्त है। नागर ने सभी को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत बदल रहा है और इस बदलाव में करोड़ों भारतीयों की इच्छा भी शामिल है।

## विशेष अभियान

### ट्रैफिक पुलिस ने 73 वाहन चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक विशेष अभियान के तहत आज भारी वाहनों के रॉन्ग लेन, लाईन चेंज वाहन चालकों के चालान काटे गए है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात के दौरान होने वाली दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस जागरूकता अभियान के अंतर्गत चालान काटकर जुर्माना लगाने के साथ-साथ वीडियो वेन के माध्यम से स्कूल, कॉलेज व आम जनता को जागरूक करने का काम कर रही है। पुलिस ने बताया कि लेफ्ट वाली लेन भारी वाहनों के लिए है।



अपनी लाइन में न रहने वाले भारी वाहनों के चालान काटे गए है। वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एक्सीडेंट जैसी घटनाएं घटित हो जाती हैं जिसके कारण कई बार वाहन चालकों के साथ-साथ यातायात कर रही आम जनता भी सडक़ दुर्घटना का शिकार होती है। दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और अपनी मंजिल तक सुरक्षित पहुंचे तथा दूसरों को सुरक्षित पहुंचाने में उनका सहयोग करें।

## भव्य प्रस्तुतियों के साथ युवा नाट्य समारोह संपन्न

# नाटक में सावंत परिवार में बदलती गतिविधियों को उजागर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साहित्य कला परिषद के तत्वावधान में एलटीजी ऑडिटोरियम में आयोजित पांच दिवसीय युवा नाट्य समारोह भव्य प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। समारोह के अंतिम दिन गीत चतुर्वेदी के उपन्यास पर आधारित और संदीप रावत द्वारा निर्देशित मनोरंजक नाटक सावंत आंटी की लड़कियां ने 90 के दशक के दौरान सावंत परिवार में बदलती गतिशीलता को उजागर किया।

यह नाटक उदारीकरण के बीच एक भारतीय परिवार की विकसित होती संस्कृति पर प्रकाश डालता है। इसके बाद प्रताप सहगल द्वारा लिखित और हिमांशु यादव द्वारा निर्देशित रामानुजन थी। रामानुजन भारतीय गणितीय प्रतिभा, श्रीनिवास रामानुजन के असाधारण जीवन और उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक सम्मोहक नाटक है। 5वें दिन नाट्य समारोह का समापन हुआ। रंगमंच पर विविधताओं का प्रदर्शन किया गया।

### दर्शकों को 1962 में रेजांगला के युद्धक्षेत्र में ले गया



इससे पहले, डॉ. मीरा कांत की मार्मिक रचना और राघवेंद्र तिवारी के कुशल निर्देशन कांधे पर बैठा था शाप का मंचन हुआ। इसके बाद विवेक मिश्रा द्वारा लिखित और विकास रवि द्वारा निर्देशित रेजांग ला का मनोरंजक चित्रण किया गया, जो थिएटर में बैठे दर्शकों को 1962 में रेजांगला के युद्धक्षेत्र में ले गया। वहीं भगवती चरण वर्मा के मौलिक उपन्यास चित्रलेखा पर आधारित नाटक का मंचन हुआ। यह उपन्यास 1934 में प्रकाशित हुआ, जो पाप और पुण्य की जटिलताओं पर प्रकाश डालती है। सुनील राज द्वारा लिखित और सुनील चौहान द्वारा निर्देशित नाट्य प्रस्तुति पापा का मंचन हुआ, जिसमें आधुनिक रिश्तों के जटिल जाल का उजागर किया । जबकि अविनाश सिंह द्वारा निर्देशित नाटक चेहरे का मंचन हुआ, जिसमें भारी बारिश के दौरान ग्रामीणों द्वारा एक खंडहर इमारत में शरण लेने की मनोरंजक घटनाएं सामने आईं। इसी दिन योगेश त्रिपाठी द्वारा लिखित और मनीषा मल्होत्रा द्वारा निर्देशित मुझे अमृता चाहिए का मंचन हुआ। जो महिला सशक्तिकरण के विषयों पर आधारित थी। महोत्सव के पहले दिन दो नाटकों का मंचन हुआ। वरुण शर्मा द्वारा निर्देशित रंग दे बसंती और दूसरा शंपा मंडल द्वारा निर्देशित नाटक जैसा तुम कहो ।

## सभी दिल्ली एनसीआर में करते थे अपराध

# अलग-अलग मुठभेड़ों में 6 शातिर लुटेरे काबू, असलाह बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद कमिश्नर पुलिस ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 6 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ में पुलिस की ओर से चलाई गई गोलियों से 4 बदमाश घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों में चारों ही बदमाश दिल्ली एनसीआर में सक्रिय हैं और लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते थे।

शालीमार गार्डन के एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि यहां पिकेट लगाकर चेकिंग की जा रही थी । इसामने से दो पहिया वाहन पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए ,जो वजीराबाद रोड से जीडीए मार्केट की तरफ जा रहे थे। पुलिस देखकर अचानक हड़बड़ाकर ग्रीन बेल्ट की तरफ अपनी बाइक को मोड़ने का प्रयास किया तो फिसलकर दोनों गिर पड़े। बाइक चला रहे व्यक्ति ने



पुलिस पर फायरिंग की। जिसके जवाब में पुलिस ने फायरिंग की जिससे दोनों के पैरों में गोली लगी।। घायल बदमाशों के नाम आदिल तथा संजय उर्फ दीपक है। जिनके कब्जे से बाइक , तमंचा ,एक जिंदा कारतूस एक लूटी हुई मोबाइल व सोने की चेन बरामद हुई है।

